[23/12/2019]

प्रश्न सं. [क्र. 1734]

प्रति,

1. आयुक्त महोदय
नगरीय प्रशासन एवं विकास
भोपाल (म0प्र0)

2. प्रमुख अभियंता महोदय
नगरीय प्रशासन एवं विकास
भोपाल (म0प्र0)

विषय :– स्थानांतरण के संबंध में।

संदर्भ :– संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास (म0प्र0) भोपाल का पत्र क्र0/या0प्र0/07–5/स्था0/2019/12146, भोपाल दिनांक 07/11/2019

महोदय,

उपरोक्त विषयांकित एवं संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि प्रार्थी का स्थानांतरण उपयंत्री नगर परिषद् न्यूरामनगर से नगर परिषद् जैतवारा जिला सतना किया गया है। निवेदन है कि प्रार्थी नगर परिषद् न्यूरामनगर में दिनांक 17/07/2017 से अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कर रहा है। श्रीमान् जी को अवगत कराना चाहूँगा की प्रार्थी नगर परिषद् रामनगर में अध्यक्ष नगर परिषद् सहित अन्य द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में किए गए चार करोड़ चौवन लाख के भ्रष्टाचार की जांच कमेटी में था। जिसमें जांच उपरांत शासन द्वारा अध्यक्ष सहित अन्य अरोपियो के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया गया था। वर्तमान में प्रकरण मा0 उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। प्रार्थी से व्यक्तिगत रंजिश मानते हुए अध्यक्ष नगर परिषद् न्यूरामनगर द्वारा दिनांक 28.06.2019 को प्रार्थी के साथ नगर परिषद् कार्यालय में ड्यूटी के दौरान प्राणघातक हमला कर मारपीट एवं गंभीर घटना कारित की गयी। प्रार्थी द्वारा की गयी रिपोर्ट एफआईआर पर आरोपी रामसुशील पटेल के विरुद्ध पुलिस थाना रामनगर में अपराध क्र0 265/2019 धारा 307,353,332,294,506,,327,34,333,147,149 जघन्य अपराध दर्ज है।

निवेदन हे कि आवास घोटाले प्रकरण मे अध्यक्ष श्री रामसुशील पटेल द्वारा मा0 उच्च न्यायालय में प्रार्थी को भी पार्टी (WP/282559/2018, Reg No 12) बनाया गया है। यदि प्रार्थी का स्थानांतरण यहां से किया जाता है तो अरोपियों द्वारा रिकार्डो में हेर फेर किए जाने की पूर्ण संभावना है। जिससे प्रार्थी सीधे तौर से प्रभावित होगा। वर्तमान में आवास योजना की जांच प्रचलन में है ।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही पूर्ण होने तक श्रीमान् जी से नम्र निवेदन है कि प्रार्थी का स्थानांतरण आदेश निरस्त कर नगर परिषद् न्यूरामनगर में यथावत पदस्थ रखने की महान कृपा करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

(देवरत्न सोनी)
उपयंत्री
नगर परिषद् न्यू रामनगर
जिला सतना (म0प्र0)

दिनांक :– 08-11-2019

प्रतिलिपि –

1. संयुक्त संचालक,नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रीवा संभाग रीवा की ओर सूचनार्थ।
2. कार्यपालन यंत्री,नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रीवा संभाग रीवा की ओर सूचनार्थ।
3. मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद् न्यू रामनगर जिला सतना की ओर सूचनार्थ।

उपयंत्री
नगर परिषद् न्यू रामनगर
जिला सतना (म0प्र0)

9-12-19
उपयंत्री
संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास

Scanned by CamScanner